आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित तेरह सौ चौंतीस अवर अभियंता, संगणक और फोरमैन को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में नियुक्ति की जो प्रक्रिया पारदर्शिता और शुचितापूर्ण ढंग से आगे बढ़ी हैं। यह सात वर्ष पूर्व संभव नहीं था। आज हमने साढ़े 6 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां की हैं। आज जब हमारे पास मैनपावर की कमी पूरी हुई है तो यही प्रदेश जो देश के विकास का बैरियर माना जाता था, सरपट दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। श्री योगी ने कहा कि आज यहां नियुक्ति पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। केवल प्रतिभा और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति दी गई है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के फूलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पांच हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र तथा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टेबलेट प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चार सौ सात करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

****

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस सूची में प्रदेश के आगरा, झांसी, फिरोजाबाद और रायबरेली ने अलग अलग श्रेणियों के टॉप तीन शहरों में जगह बनाई है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 131 शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति का मूल्यांकन कराने के बाद यह परिणाम जारी किया गया है। इन शहरों को सात सितंबर को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

यह वार्षिक सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत आयोजित किया गया था, जो शहरों के वायु गुणवत्ता सुधार उपायों का मूल्यांकन करता है। तीन श्रेणियों में होने वाले मूल्यांकन के अंतर्गत श्रेणी एक के (10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में) आगरा को तीसरा स्थान मिला है । श्रेणी दो के (तीन से दस लाख की जनसंख्या वाले शहरों में) फिरोजाबाद ने पहला स्थान और झांसी ने तीसरा स्थान हासिल किया है। जबकि श्रेणी तीन (तीन लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में) रायबरेली ने पहला स्थान हासिल किया है। ये उपलब्धियाँ उत्तर प्रदेश के शहरों की वायु गुणवत्ता में सुधार और उनके निवासियों के लिए स्वस्थ जीवन तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

****

बहराइच जिलें में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़ियों को जरूरत पड़ने पर गोली मारने के राज्य सरकार के निर्देश के मद्देनजर प्रभावित क्षेत्रों में नौ शूटरों की टीम तैनात की गयी है। बहराइच के प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने आज बताया कि उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद नौ शूटरों की टीम क्षेत्र में तैनात कर दी गयी है। इनमें से छह शूटर वन विभाग के तथा तीन पुलिस विभाग के हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने पूरे अभियान क्षेत्र को तीन बड़े हिस्सों में बांटा है। तथा एक विशेष दल बनाये जाने के अलावा एक टीम रिजर्व रखी गयी है। हर दल में तीन शूटर रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि जैसे ही आदमखोर भेड़िये दिखायी पड़े, उन्हें पकड़ा जाए और किसी चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया जाए या फिर जरूरत पड़ने पर उसे गोली मार दी जाए।

****

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ में एक प्रेसवार्ता कर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के आगामी चरणों की जानकारी दी। श्री पाठक ने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान का पहला चरण 2 सितम्बर से 25 सितम्बर, तक दूसरा चरण 10 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। 11 से 17 सितम्बर तक घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को सदस्यता अभियान के लिए सम्पर्क करेंगे। 10 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान होगा। जो भी सदस्य इस दौरान 100 साधारण सदस्य बनाएगा उसे सक्रिय सदस्य के रूप में सदस्यता मिलेगी। हर रविवार को भाजपा अटल सदस्यता अभियान मनाएगी। इस दिन पार्टी के सांसद और विधायक कम से कम 20 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे।

****

प्रदेश में लखनऊ तथा आसपास के कुछ जिलों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है वहीं कई स्थानों पर जलभराव भी हो गया है। सुबह से बादलों की आसमान में लुका छिपी चल रही है। वहीं, कई जनपदों में तीखी धूप और उमस भरी गर्मी से लोग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सोनभद्र, मीर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, संतरविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, आजमगढ़, देवरिया, अयोध्या, गोरखपुर, संतकबीरनगर, मऊ, गोंडा, बस्ती, कुशीनगर सहित अधिकांश में जिलों में बारिश का अनुमान जताया है।

****